भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. †477
सोमवार, 24 जुलाई, 2023/2 श्रावण, 1945 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

ग्रामीण परिपथों के लक्ष्य और उद्देश्य

†477. श्री जुएल ओराम:

क्या पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) सरकार द्वारा देश के ग्रामीण क्षेत्रों में पर्यटन को प्रोत्साहित करने के लिए प्रस्तावित ग्रामीण परिपथों के लक्ष्य और उद्देश्य क्या हैं;

(ख) देश में विशेषकर ओडिशा में पहचान किए गए ग्रामीण परिपथों का ब्यौरा क्या है;

(ग) इस योजना के कार्यान्वयन के बाद से ओडिशा में उक्त परिपथ के अंतर्गत किन-किन परियोजनाओं की पहचान की गई है तथा उनकी परियोजना-वार स्थिति और तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) इन परियोजनाओं को पूरा करने की समय-सीमा क्या है और विगत तीन वित्त वर्षों के दौरान देश में ग्रामीण परिपथों के लिए कितना आबंटन किया गया है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) से (घ) : पर्यटन मंत्रालय ने देश में थीम-आधारित पर्यटक परिपथों के एकीकृत विकास के उद्देश्य से वर्ष 2014-15 में अपनी स्वदेश दर्शन योजना शुरू की थी और ग्रामीण पर्यटन इस योजना के तहत विकास हेतु अभिज्ञात थीमों में से एक है। इस योजना के उद्देश्यों में चयनित स्थलों/गंतव्यों पर पर्यटन अवसंरचना का निर्माण और आगंतुकों के अनुभव/संतुष्टि को बढ़ाना भी शामिल है।

पर्यटन मंत्रालय ने ओडिशा राज्य में स्वदेश दर्शन योजना के ग्रामीण परिपथ के अंतर्गत कोई परियोजना स्वीकृत नहीं की है। हालांकि, ओडिशा में तटीय थीम के तहत वर्ष 2016-17 में 70.82 करोड़ रु. की राशि से 'गोपालपुर, बरकुल, सतपाड़ा और तामपारा का विकास' परियोजना को मंजूरी दी गई थी और 67.28 करोड़ रु. जारी कर दिए गए हैं। राज्य सरकार ने 63.25 करोड़ रु. का उपयोगिता प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया है। इस परियोजना में 94.72% की वास्तविक प्रगति दर्ज की गई है।

पर्यटन मंत्रालय ने स्वदेश दर्शन योजना के अंतर्गत बिहार और केरल राज्यों में ग्रामीण परिपथ थीम के अंतर्गत 02 परियोजनाओं सहित कुल 76 परियोजनाओं को स्वीकृति प्रदान की है। इन परियोजनाओं का ब्यौरा अनुबंध में दिया गया है।

*****

अनुबंध

ग्रामीण परिपथों के लक्ष्य और उद्देश्य के संबंध में दिनांक 24.07.2023 के लोक सभा के लिखित प्रश्न सं. †477 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में विवरण

स्वदेश दर्शन योजना के ग्रामीण परिपथ थीम के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची

(राशि करोड़ रु. में)

क्र. सं.	राज्य का नाम	स्वीकृति वर्ष	परियोजना का नाम	स्वीकृत राशि	जारी की गई राशि*	उपयोग की गई राशि	पूरा होने की समय सीमा
1.	बिहार	(2017-18)	गांधी परिपथ का विकास: भितिहरवा-चंद्रहिया-तुरकौलिया	44.27	39.96	35.72	भौतिक रूप से पूर्ण
2.	केरल	(2018-19)	मालानाड मालाबार क्रूज पर्यटन परियोजना का विकास	57.35	30.98	20.74	दिसम्बर 23

*इसमें नई वित्तीय प्रक्रिया के अनुसार केन्द्रीय नोडल एजेंसी (सीएनए) को जारी की गई राशि शामिल है।

*****